कार्यालय प्राचार्य, रामकृष्ण राठौर, शासकीय पॉलीटेक्निक पेण्ड्री जांजगीर,
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.) 495668
वेबः–www.gpjanjgir.ac.in ईमेलः–polyjanjgir@rediffmail.com

# अंशकालीन व्याख्याता हेतु विज्ञापन

रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर में निम्नलिखित ब्रांच/विषय के लिए अंशकालीन व्याख्याताओं की आवश्यकता है।

| स.क्र. | विभाग का नाम | पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | सिविल इंजी. | 01 | मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल इंजीनियरिंग अथवा इसके प्रासंगिक/उपयुक्त पाठ्यक्रम में प्रथम श्रेणी में स्नातक की उपाधि। |
| 2 | विद्युत इंजी. | 01 | मान्यता प्राप्त संस्था से विद्युत इंजीनियरिंग अथवा इसके प्रासंगिक/उपयुक्त पाठ्यक्रम में प्रथम श्रेणी में स्नातक की उपाधि। |

इस हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन संस्था की वेबसाइट **www.gpjanjgir.ac.in** में **Apply for part-time lecturer** लिंक में जाकर दिनांक 14.08.2025 सायं 5 बजे तक कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करते समय डाक्यूमेंट्स भी अपलोड करना अनिवार्य है। निर्धारित समय के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

चयनित व्याख्याता का मानदेय प्रति कालखण्ड रू. 800/– की दर से अधिकतम रू. 56000/– प्रतिमाह होगा। प्राप्त आवेदनों में से चयन निम्न मापदण्ड के अनुसार किया जाएगा।

**1)** बी.ई./बी.टेक के प्राप्तांक – 70 अंक
**2)** (अ) एम.ई./एम. टेक. प्रमाण पत्र – 5 अंक
(ब) वैध गेट क्वालीफाईंग प्रमाण पत्र – 5 अंक
**3)** अनुभव प्रमाण पत्र ( 2 अंक प्रतिवर्ष ) – 10 अंक ( अधिकतम )
**4)** साक्षात्कार – 10 अंक

बिन्दु क्रमांक 1 से 3 के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाएगी। इस सूची में से प्रथम 5 अभ्यर्थी को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार के अंक जोड़ने के पश्चात अंतिम सूची से मेरिट के आधार पर नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा। पदों की संख्या परिवर्तनीय है, विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।

नोट– 1) AICTE की अधिसूचना दिनांक 28.04.2017 के अनुसार मुख्य पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य प्रासंगिक/उपयुक्त नामावली वाले पाठ्यक्रम भी मान्य होंगें।

2) इंजीनियरिंग विषय हेतु मान्यता प्राप्त आईटीआई/पॉलीटेक्निक/स्नातक स्तरीय इंजीनियरिंग अध्यापन का अनुभव ही मान्य किया जायेगा।

**प्राचार्य,**
रामकृष्ण राठौर शास.पॉली.
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)